गद्य खण्ड - पाठ 8 - गीता और स्‍ वधर्म

प्रश्न क्र. : 1 युद्ध में स्वजन सम्बन्धियों की कितनी पीढ़ियाँ एकत्र हुई थी ?

[1]. पांच पीढ़ियाँ [2]. चार पीढ़ियाँ [3]. सात पीढ़ियाँ [4]. आठ पीढ़ियाँ

प्रश्न क्र. : 2अर्जुन के मन में कौन सा भाव उत्पन्न हुआ ?

[1]. राजधर्म [2]. स्वधर्म [3]. ज्ञानधर्म [4]. मानधर्म

प्रश्न क्र. : 3 श्रीकृष्ण से अपना सारथ्य किसे स्वीकार किया ?

[1]. बलराम [2]. अर्जुन [3]. दुर्योधन [4]. दु:शासन

प्रश्न क्र. : 4 लेखक किस सागर में डुबकी लगाकर बैठ जाता है ?

[1]. गीता सागर [2]. अमृत सागर [3]. क्षीर सागर [4]. दूध सागर

प्रश्न क्र. : 5 अर्जुन के स्वभाव में कौन सी वृत्ति थी ?

[1]. वैश्य वृत्ति [2]. शुद्ध वृत्ति [3]. क्षात्रवृत्ति [4]. क्षत्रिय वृत्ति

प्रश्न क्र. : 6 किस सजा से अपराधी के सुधरने की आशानष्ट हो जाती है ?

[1]. कारावास [2]. जेल [3]. फांसी [4]. आजन्म सजा

प्रश्न क्र. : 7 गीता का उपदेश .... ने दिया।

प्रश्न क्र. : 8 अर्जुन को युद्धभूमि में........... दिखाई देते है।

प्रश्न क्र. : 9 विनोबा भावे अपने प्रवचनों को गीता के............. पर केन्द्रित किया है।

प्रश्न क्र. : 10 गीता की योजना .... में की गईं थी।

प्रश्न क्र. : 11 उत्तर गो ग्रहण के समय उसने अकेले ही .... के दांत खट्ट कर दिये थे।

प्रश्न क्र. : 12 युद्ध को टालने का .... भरसक प्रयत्न किया जा चुका था।

प्रश्न क्र. : 13 जिन छंदों में मात्राएं गिनी जाती है, मात्रिक छंद कहलाते है।

प्रश्न क्र. : 14 चिराग तले अंधेरे का अर्थ है, चिराग के नीचे अंधेरा।

प्रश्न क्र. : 15 प्रत्येक रस का स्थायी भाव होता है।

प्रश्न क्र. : 16 “अपने मुंह मिया मिटठू बनना” का अर्थ है, अपने मुंह को मिटठू जैसा बनाना।

प्रश्न क्र. : 17 जहां हार्दिक संबंध होता है, वहां तर्क की गुजाईश नही रहती।

प्रश्न क्र. : 18 लोक ह्दय के मोहावरण को दूर करने के लिए गीता है।

प्रश्न क्र. : 19

अ	ब
निरसन	बुद्धिवाद
गांडीव	युद्धभूमि
दलीले	स्थिर बुद्धिवाला
स्थितप्रज्ञ	तर्क
रणांगण	अर्जुन के धनुष का नाम
प्रज्ञावाद	निराकरण

प्रश्न क्र. : 20 अर्जुन के स्वभाव में कौन सी वृत्ति विघमान थी ?

प्रश्न क्र. : 21 किस सजा से अपराधी के सुधरने की आशा नष्ट हो जाती है ?

प्रश्न क्र. : 22 लेखक किस सागर में डुबकी लगाकर बैठ जाता है ?

प्रश्न क्र. : 23 किस ने श्रीकृष्ण से अपना सारथ्य स्वीकार कराया ?

प्रश्न क्र. : 24 युद्ध में आज स्वजन संबंधियों की कितनी पीढ़ियाँ एकत्र हुईं थी ?

प्रश्न क्र. : 25 अर्जुन के मन मे कौन सा भाव उत्पन्न हो गया था ?

प्रश्न क्र. : 1 गीता के गगन में लेखक किन उपकरणों से उड़ान भरता है?

प्रश्न क्र. : 2 अर्जुन ने अकेले ही किन-किन के दाँत खट्टे कर दिए थे?

प्रश्न क्र. : 3 युद्ध टालने के लिए कौन-कौन सी दोनों बाते बेकार हो चुकी थी?

प्रश्न क्र. : 4 लेखक के अनुसार गीता का मुख्य काम क्या-क्या है?

प्रश्न क्र. : 5 लेखक के अनुसार गीता के जन्म का उद्देश्य क्या था?

प्रश्न क्र. : 6 भाव विस्तार कीजिए? 'जहां हार्दिक. संबंध होता है, वहां तर्क की गुजाईश नही रहती ।

प्रश्न क्र. : 7 मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

1. दाँत खट्टे कर देना 2. आंखे गीली होना। 3. जुनून उतर जाना

प्रश्न क्र. : 8 'स्वदेश प्रेम' विषय पर निबंध लेखन के लिए रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

प्रश्न क्र. : 1 'गीता और स्वधर्म' पाठ में आए हुए कोई चार पारिभाषिक शब्द लिखकर उनका अर्थ लिखिए ।

प्रश्न क्र. : 2 'गीता' से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ? संक्षेप में प्रस्तुत कीजिए ।

प्रश्न क्र. : 3 मुहावरे, लोकोक्तियों से किस प्रकार भिन्न होते हैं ? कोई चार कारण दीजिए ।

प्रश्न क्र. : 4 'वह मोह, वह ममत्व, वह आसक्ति दूर करना गीता का मुख्य उद्देश्य है।' भाव विस्तार कीजिए ।

प्रश्न क्र. : 5 निम्नलिखित पठित गद्यांश का गद्यांश, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या कीजिए।

वस्तुत: रंगों के आधार पर ही रसों का तथा अलंकारों का वर्णन भी संभव हो पाता है। रंगों की व्यंजनाए भी बड़ी मजेदार होती है। रंग-भ्रांति और रंग-परिवर्तन विरह-वर्णनों में स्वभावत: अधिक दिखाई पड़ते है।

प्रश्न क्र. : 6 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

मनुष्य के जीवन का जितना अंश नीति, शिक्षा, आचार आदि सामाजिक संहिताओं के सम्पर्क में आता है, उतना ही समाज द्वारा शासित माना जाएगा। समाज यदि मनुष्यों के समूह का नाम नहीं है तो मनुष्य भी केवल क्रियाओं का संघात नहीं है। दोनों के पीछे सामूहिक तथा व्यक्तिगत इच्छा, हर्ष, विषाद आदि की प्रेरणा रहती है। आचरण को सेना के समान कवायद सिखा देना ही जीवन नहीं है, वरन कर्म को प्रेरित करने वाले मनोविकारों के उद्गम खोजकर उनमें विकास की अनुकूलता पा लेना जीवन का लक्ष्य है।

प्रश्न 1. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक दीजिए ।

2. मनुष्य और समाज दोनों को कौन से भाव, प्रेरणा देते हैं ?

3. गद्यांश का सारांश लिखिए ।

प्रश्न क्र. : 7 छात्रावास अधीक्षक महोदय को पत्र लिखकर छात्रावास में मिलने वाले भोजन के निरन्तर गिरते स्तर से अवगत कराइए ।

प्रश्न क्र. : 8 'स्वच्छ भारत अभियान' इस विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबंध लिखिए ।